पंजाब केसरी SUN,24 MARCH 2024
EDITION: KARNAL KESARI, PAGE NO. 4

स्वयंसेविकाओं ने बनाए हर्बल रंग

करनाल, 23 मार्च (राकेश): राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी के नेतृत्व में एन.एस.एस. इकाई के तत्वावधान में 7 दिवसीय शिविर के छठे दिन का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत शहीदी दिवस मनाया गया और छात्राओं ने हर्बल रंग बनाना सीखा। मुख्य वक्ता के रूप में सामाजिक कार्यकर्त्ता तथा अंग्रेजी सहायक प्रवक्ता डॉ. श्रुति ने शिरकत की।

उन्होंने अपने वक्तव्य में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा स्वावलंबी भारत विषय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वावलंबी भारत स्वदेशी आंदोलन से जुड़ा है और वर्तमान में इसे अपनाने की बहुत ही आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं को अपने भीतर किसी न किसी निपुणता को विकसित करने पर

हर्बल रंग बनाती छात्राएं। (स.ह.)

बल दिया जिसका प्रयोग वह अपने रोजगार के लिए कर सकें।

स्वयंसेविकाओं ने आने वाले होली पर्व के लिए हर्बल रंग बनाए क्योंकि बाजार में मिलने वाले रंग कैमिकल युक्त होते हैं जो सेहत और त्वचा को नुक्सान पहुंचाते हैं। ऐसी समस्याओं से बचने के लिए स्वयंसेविकाओं ने घर में प्रयोग होने वाली विभिन्न सामग्री और फूलों से विभिन्न प्रकार के हर्बल रंग तैयार किए।